सत्र 2013-14

कक्षा: छठी

विषय: हिंदी

नियत कार्य संख्या 6 (SA2)

पाठ्यपुस्तक: दोहा एकादश, अस्थिदान

व्याकरण: शब्द विचार

प्रश्न 1.(क) सूप (छाज) के उदाहरण द्वारा कवि ने क्या समझाने का प्रयास किया है?

(ख) सच्चा पंडित कवि ने किसे कहा है?

(ग) तलवार की अपेक्षा सुई का महत्त्व क्यों है?

(घ) चींटी और हाथी के उदाहरण द्वारा कवि ने क्या समझाने का प्रयास किया है?

(ङ) 'गाँठि परि जाय' से कवि का क्या अभिप्राय है?

(च) विद्या ग्रहण करने में हमें जाति को महत्त्व क्यों नहीं देना चाहिए?

(छ) सच्चे व्यापार की क्या परिभाषा है?

(ज) पवन आग और दीपक के साथ कैसा व्यवहार करती है?

प्रश्न 2. शब्द के सही अर्थ का चुनाव कर सही (✓) का चिह्न लगाएं

(क) ठौर - स्थान, साथ

(ख) दादुर - मेंढक, चूहा

(ग) आखर - शब्द, अक्षर

प्रश्न 3. दोहे की पंक्ति पूर्ण कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए

(क) जैसे ————, चढ़े न दूजी बार।

(ख) सबै सहायक सबल के ————।

(ग) वे रहीम नर धन्य हैं ————।

(घ) ————, लघु न दीजिए डार।

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए

(क) असुर और सुर- दोनों के व्यवहार में क्या अंतर था?

(ख) असुरों के दल के नेता का क्या नाम था?

(ग) सुर वृत्रासुर से क्यों घबराते थे?

(घ) ब्रह्मा जी ने देवताओं को क्या आश्वासन दिया?

(ङ) ब्रह्मा जी की बात सुनकर देवता चकित क्यों हो गए?

(च) ऋषि दधीचि का आश्रम कहाँ स्थित था?

(छ) ऋषि दधीचि के चरित्र में कौन सा गुण सबसे अधिक था?

(ज) ऋषि दधीचि किसे तेल लगा रहे थे?

(झ) देवताओं की क्या बात सुनकर ऋषि दधीची का रोम-2 पुलकित हो उठा?

(ञ) प्रस्तुत पाठ के लेखक का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न 5. शब्द के सही अर्थ का चुनाव कर सही (✓) का चिह्न लगाएँ

सुर - देवता, राक्षस

पुलकित - प्रसन्न, अप्रसन्न

आलिंगन - गले लगाना, गले पड़ना

प्रश्न 6. किसने किससे कहा

(क) करुणा, परोपकार, सहानुभूति, यही तो जीवन का सार है।

(ख) आज मेरा जीवन धन्य हुआ।

(ग) हम वृत्रासुर से त्रस्त हैं।

प्रश्न 7. सही वर्तनी पर सही (✓) का चिह्न लगाएँ

(क) व्रकासुर, वृत्रासुर, व्रतासुर

(ख) परउपकार, परोपकार, परोउपकार

(ग) विपति वीपति विपत्ति

प्रश्न 8. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए

(क) असुरों का दल बहुत ______ और ______ था।

(ख) ऋषि दधीचि की अस्थियाँ अपने कारीगर ______ को देना।

व्याकरण

प्रश्न 9 : निम्नलिखित शब्दों को रूढ़, यौगिक और योगरूढ़ शब्दों को अलग कीजिए

पाठशाला, दशानन, घर, रसोईघर, जलज, पुस्तक, विद्यालय

प्रश्न 10 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए

(क) रचना के आधार पर शब्दों के —— भेद हैं।

(ख) जो शब्द दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बने हों अर्थात जिनके टुकड़ों का अर्थ हो उन्हें —— शब्द कहते हैं।

(ग) 'पंकज' —— शब्द है।